<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–30 अक्टूबर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश इण्डस्ट्रियल एक्सप्रेस–वे डेवलपमेंट अथॉरिटी–यूपीडा के कार्यों की समीक्षा की। कहा–प्रत्येक परियोजना की प्रगति की होनी चाहिए साप्ताहिक समीक्षा।
- प्रदेश सरकार ने पेराई सत्र दो हजार पचीस छब्बीस के लिए गन्ना समर्थन मूल्य में की तीस रुपए प्रति कुन्तल की वृद्धि । सामान्य गन्ना 390 रुपए प्रति कुन्तल और अगेती प्रजाति का मूल्य 400 रुपए प्रति कुन्तल किया गया निर्धारित।
- अयोध्या में शुरू हुई ऐतिहासिक चौदह कोसी परिक्रमा। बयालीस किलोमीटर परिक्रमा मार्ग पर कल सुबह तक रहेगी श्रद्धालुओं की भारी भीड़।
- कुशीनगर में चल रहे इन–स्पेस मॉडल राकेट्री–कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कंपटीशन दो हजार चौबीस पचीस का आज हो रहा है समापन। ग्रांड फिनाले में शामिल होंगे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने कल उत्तर प्रदेश इण्डस्ट्रियल एक्सप्रेस–वे डेवलपमेंट अथॉरिटी–यूपीडा के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य दिसम्बर माह तक पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परियोजना की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा होनी चाहिए। साथ ही कार्य की गुणवत्ता पर किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निवेशकों द्वारा भूमि आवंटन के तीन वर्ष के भीतर भूमि के यथोचित उपयोग पर जोर दिया और कहा कि भूमि उपयोग की निगरानी की पारदर्शी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। एक अन्य बैठक में, मुख्यमंत्री ने बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण–बीडा के कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आगरा–ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे के बीडा झांसी तक के विस्तारीकरण की दिशा में काम करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**********

प्रदेश सरकार ने पेराई सत्र दो हजार पचीस छब्बीस के लिए गन्ना मूल्य में तीस रुपए प्रति कुन्तल की वृद्धि की है। प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि अब अगेती गन्ना प्रजाति का मूल्य चार सौ रुपए प्रति कुन्तल और सामान्य प्रजाति का मूल्य तीन सौ नब्बे रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। इस वृद्धि से गन्ना किसानों को लगभग तीन हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त भुगतान होगा।

**अब के जो गन्ने का मूल्य है जो तीन सौ सत्तर रुपए था उसे चार सौ रुपए क्विंटल कर दिया गया है और जो तीन सौ साठ रुपए था वह तीन सौ नब्बे किया गया। 2017 से लेकर आज तक जो वृद्धि हुई है मूल्य की वह पचासी रुपए क्विंटल की वृद्धि की है हमने जिसमें दस रुपए प्रति क्विंटल हमने 2018 में बढ़ाया 17 में 21–22 में पचीस रुपए क्विंटल बढ़ाया 2023–24 में बीस रुपए क्विंटल बढ़ाया और तीस रुपए यह इसलिए कुल मिलाकर पचासी रुपए क्विंटल की वृद्धि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में गन्ने के मूल्य में हुई है।**

सरकार के गन्ना मूल्य वृद्धि के फैसले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गन्ना किसान प्रदेश की समृद्धि के आधार स्तंभ हैं। ऐसे में यह निर्णय लाखों गन्ना किसानों के जीवन में नई उम्मीद, नई ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की मिठास घोलेगा।

सरकार के इस निर्णय से गन्ना किसान काफी खुश हैं। हापुड के किसान अमित सिवाल ने इस फैसले के लिए प्रदेश सरकार के प्रति आभार जताया ।

**यह बहुत ही अच्छा फैसला है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का बहुत–बहुत आभार प्रकट करता हूं और किसानों में एक बहुत खुशी की लहर है। तीस रुपए बहुत ही सही समय पर क्योंकि गन्ने की पेराई सत्र शुरू होने वाला है। उससे पहले किसान को पता होगा कि हमारे रेट गन्ने के यह है।**

**********

निर्वाचन आयोग ने नागरिकों के सभी प्रश्नों और शिकायतों के समाधान के लिए राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन और सभी छत्तीस राज्य तथा जिला–स्तरीय हेल्पलाइन सक्रिय कर दी हैं। राष्ट्रीय संपर्क केंद्र सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए केंद्रीय हेल्पलाइन के रूप में काम करेगा। निर्वाचन आयोग ने प्रत्येक राज्य, केंद्र शासित प्रदेश और जिले को अपना–अपना राज्य और जिला संपर्क केंद्र स्थापित करने के निर्देश भी जारी किए हैं। आयोग ने 'बीएलओ के साथ बुक–ए–कॉल' सुविधा भी शुरू की है। इसके इस्तेमाल से नागरिक अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कल लखनऊ में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान की तैयारियों और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग राज्य, जिले और विधानसभा स्तर पर बैठकें कर एसआईआर की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दे रहा है, जिससे मतदाता सूची पुनरीक्षण को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। इसी क्रम में कल गोरखपुर, कुशीनगर, अमरोहा, जौनपुर, उन्नाव, अमेठी, प्रतापगढ़, मैनपुरी और फर्रुखाबाद सहित प्रदेश के कई जिलों में भी वहां के जिला निवार्चन अधिकारियों ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक में मौजूद

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

**********

अयोध्या की ऐतिहासिक चौदह कोसी परिक्रमा मुहूर्त के अनुसार आज तड़के शुरू हो गई। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कल मुहूर्त से पहले ही परिक्रमा शुरू कर दी थी। चौदह कोसी परिक्रमा कल सुबह तक चलेगी। एक रिपोर्ट–

**अयोध्या के प्रसिद्द कार्तिक पूर्णिमा मेले के प्रथम चरण में गोपाष्टमी और अक्षय नवमी की संधि बेला होते ही लाखों श्रद्धालुओं ने अयोध्या की धूल माथे लगा चौदह कोसी परिक्रमा उठाई और देखते ही देखते बयालिस किलोमीटर लम्बा परिक्रमा मार्ग परिक्रमार्थियों से भर गया। पुण्यार्जन के लिए आतुर बहुतायत श्रद्धालु मुहूर्त की प्रतीक्षा नहीं कर सके और मुहूर्त से पहले ही परिक्रमा मार्ग पर आगे बढ़ गए ,धार्मिक आस्था की डगर में महिलाओं, बच्चों के साथ–साथ वयोवृद्ध भी शामिल हैं,तो नंगे पांव श्रद्धालुओं के बीच संतों की टोलियां परिक्रमार्थियों को उर्जा प्रदान कर रहीं हैं, पौराणिक मान्यता है अक्षय नवमी को किए गए पुण्य कभी क्षय नहीं होते ,क्योंकि इस तिथि को न केवल द्वापर का प्राकट्य हुआ, बल्कि अयोध्या भी धरा धाम पर अवतरित हुई। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

**********

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए दुनिया भर के राम भक्तों ने तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक का दान दिया है। यह जानकारी श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि मंदिर के ध्वजारोहण समारोह में उन लोगों को भी आमंत्रित किया जाएगा जिन्होंने दो हजार बाइस के बाद मंदिर निर्माण के लिए धनराशि दी है।

**********

कुशीनगर में चल रहे इन–स्पेस मॉडल राकेट्री–कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कंपटीशन दो हजार चौबीस पचीस का आज समापन हो जाएगा। प्रतियोगिता के तीसरे दिन कल आठ रॉकेट्री और पांच कैनसेट ने उड़ान भरी। चार दिवसीय प्रतियोगिता के ग्रांड फिनाले में आज अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला भी शामिल होंगे। कल देवरिया पहुंचे शुभांशु शुक्ला ने वहां के बरपार गाँव में विद्यार्थियों से संवाद किया।

**********

नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा बाइस सितंबर को कई क्षेत्रों में वस्तु और सेवाकर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हुआ है। कृषि क्षेत्र में नई जीएसटी दरों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**किसानों को बड़ी राहत देने के लिए सरकार ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण कर कटौती की है 1800 सीसी से कम क्षमता वाले ट्रैक्टरों पर कर 12: से घटाकर 5: कर दिया गया है। ट्रैक्टरों के कम जीएसटी से खरीद मूल्य में कमी आएगी। जिससे किसानों के लिए ट्रैक्टर खरीदना अधिक किफायती होगा। इसी प्रकार स्प्रिंकलर ग्रुप सिंचाई प्रणाली और कटाई मशीनरी सहित विभिन्न कृषि उपकरणों पर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे यह आवश्यक उपकरण किसानों के लिए अधिक किफायती हो गए हैं। नये जीएसटी दर कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण को प्रोत्साहित करती है, शारीरिक श्रम लागत को कम करती है और फसल उत्पादन में सुधार करती है। किसानी के साथ अमन यादव, आकाशवाणी दिल्ली।**

**********

चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण प्रदेश के कई जिलों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। इस बीच, तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आयी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आज और कल प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में बारिश होगी। इस बीच, गोरखपुर सहित आसपास के कई जिलों में आसमान में बादल छाए हुए हैं और रुक रुक कर बूंदाबांदी एवं बारिश जारी है।

**********